Series SMA

कोड नं. **100**
Code No.

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **28** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **8** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **28** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# फैशन अध्ययन

# FASHION STUDIES

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 70*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 70*

**सामान्य निर्देश :**

(i) इस प्रश्न पत्र में चार खण्ड अ, ब, स तथा द हैं । खण्ड अ में 5 प्रश्न हैं जिनके प्रत्येक के 1 अंक हैं । खण्ड ब में 10 प्रश्न हैं जिनके प्रत्येक के 2 अंक हैं । खण्ड स में 10 प्रश्न हैं जिनके प्रत्येक के 3 अंक हैं और खण्ड द में 3 प्रश्न हैं जिनके प्रत्येक के 5 अंक हैं ।

(ii) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

(iii) प्रश्न-पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है । फिर भी 2 अंकों वाले एक प्रश्न में, 3 अंकों वाले एक प्रश्न में और 5 अंकों वाले सभी तीनों प्रश्नों में भीतरी चयन विकल्प उपलब्ध है । ऐसे प्रश्नों में आपको दिए गए चयन में से केवल एक ही प्रश्न करना है ।

(iv) प्रश्न संख्या 1 से 5 का प्रत्येक का उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में दीजिए ।

(v) प्रश्न संख्या 6 से 15 का प्रत्येक का उत्तर लगभग 20 – 30 शब्दों में दीजिए ।

(vi) प्रश्न संख्या 16 से 25 का प्रत्येक का उत्तर लगभग 30 – 50 शब्दों में दीजिए ।

(vii) प्रश्न संख्या 26 से 28 का प्रत्येक का उत्तर लगभग 80 – 120 शब्दों में दीजिए । जहाँ केवल चित्र आवश्यक हो वहाँ शब्द सीमा लागू नहीं होगी ।

**General Instructions :**

(i) *This question paper consists of four Sections A, B, C and D. Section A contains 5 questions of 1 mark each. Section B is of 10 questions of 2 marks each. Section C is of 10 questions of 3 marks each and Section D is of 3 questions of 5 marks each.*

(ii) *All questions are compulsory.*

(iii) *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in one question of 2 marks, one question of 3 marks and all the three questions of 5 marks weightage. Attempt only one of the choices in such questions.*

(iv) *Questions number 1 to 5 are to be answered in one word or one sentence each.*

(v) *Questions number 6 to 15 are to be answered in approximately 20 – 30 words each.*

(vi) *Questions number 16 to 25 are to be answered in approximately 30 – 50 words each.*

(vii) *Questions number 26 to 28 are to be answered in approximately 80 – 120 words each. Where only diagrams are asked word limit does not apply.*

## खण्ड अ
## SECTION A

1. स्वचालित ओटन (जिनिंग) मशीन का आविष्कार किसने किया था ? *1*

Who invented the automatic ginning machine ?

2. सर्दियों के जैकेट में अस्तर लगाने वाले किन्हीं दो प्रकार के कपड़ों का नाम दीजिए जिन्हें आप सर्दियों में गर्माहट देने के लिए प्रयोग करेंगे। *1*

List any two types of underlying fabrics you would use in winter jackets to provide warmth during winters.

3. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'चर्वण' (मेस्टीकेशन) को परिभाषित करता है ? *1*
   (क) चमड़े को रगड़ना
   (ख) जानवर की चर्बी रगड़ना
   (ग) चमड़े को चबाना

Which of the following define the term 'Mastication' ?
   (a) Scrapping of leather
   (b) Rubbing of animal fat
   (c) Chewing of leather

4. अमरीका में, 'शुक्रवार-पहनावे' की अभिकल्पना की शुरुआत किसने की थी ? *1*

Who introduced the concept of 'Friday-dressing' in the U.S. ?

5. रंगीन कपड़ों के रंग को बहने से कैसे बचाया जा सकता है ? *1*

How can coloured fabrics be prevented from bleeding ?

## खण्ड ब
## SECTION B

6. निम्नलिखित के अगले और पिछले भाग में अन्तर स्पष्ट कीजिए : *2*
   (क) प्राथमिक बाँह खाका (एक अन्तर का उल्लेख कीजिए)
   (ख) प्राथमिक बॉडिस ब्लॉक (तीन अन्तरों का उल्लेख कीजिए)

**अथवा**

एक अच्छी फिटिंग वाली बाँह-काट की दो विशेषताएँ लिखिए। *2*

Differentiate between the front and back of the following from each other :

(a) Basic sleeve pattern (Give one difference)

(b) Basic bodice block (Give three differences)

**OR**

Enlist two characteristics of a well-fitted sleeve.

**7.** 'खुले पेपलोस' और 'बन्द पेपलोस' में अन्तर बताइए । *2*

Differentiate between 'open-peplos' and 'closed-peplos'.

**8.** निम्नलिखित को खाके पर दर्शाने के लिए प्रयुक्त किए जाने वाले चिह्न और संकेताक्षर दीजिए : *2*

(क) बटन-छेद

(ख) चुन्नटें

(ग) अग्रिम-मध्य

(घ) तह पर तन्तु रेखा

Give symbols and abbreviations used for the following on a pattern :

(a) Button-hole

(b) Gathering

(c) Centre-front

(d) Grainline on fold

**9.** 'सामान्य माप प्रणाली' से आप क्या समझते हैं ? माप प्रणालियों को विकसित करने के लिए कौन जिम्मेवार है ? *2*

What do you understand by the term 'General Sizing System' ? Who is responsible for developing the sizing systems ?

**10.** बच्चों के परिधानों की अभिकल्पनाओं पर पड़ने वाले कोई चार मुख्य प्रभाव लिखिए । *2*

List down any four major influences on the designs of children's wear.

**11.** कौनसी कम्पनी ने सबसे पहले 'स्टड्स' को ट्रिमिंग की तरह प्रयोग किया और क्यों ? इसके दो प्रकार बताइए । *2*

Which company was the first one to use 'studs' as trimming and why ? Mention its two kinds.

**12.** "बीसवीं सदी के मध्य में, पुरुषों के पहनावे में बहुत सारे बदलाव आए ।" पुरुषों के पहनावे में विविधता, खेल और आरामदायक वस्त्रों की ज़रूरत के लिए कौन से घटक जिम्मेवार थे ? *2*

"'Men's wear experienced dramatic changes throughout the mid $20^{th}$ century." What factors led to the need for sports, leisure wear and variety in men's wear ?

**13.** खुदरा विक्रेता और उत्पादक ट्रेन्ड विश्लेषकों और एजेन्सियों द्वारा किए जाने वाले ट्रेन्डों के व्यावसायिक विश्लेषण का इन्तज़ार क्यों करते हैं ? *2*

Why do retailers and manufacturers wait for the professional analysis of trends by trend analysts and agencies ?

**14.** कैंची की चार किस्मों की धारों के नाम लिखिए । *2*

List down four kinds of shear blades.

**15.** तन्तु क्या हैं ? तन्तुओं का वर्गीकरण उनकी उत्पत्ति के आधार पर कीजिए । *2*

What are fibres ? Classify them on the basis of their origin.

## खण्ड स

## SECTION C

**16.** घेरेदार स्कर्ट की आगे और पीछे की गोट-रेखा (हेमलाइंस) में अन्तर के क्या कारण हैं ? इस तरह की गोट-रेखा को हम कैसे सन्तुलित कर सकते हैं ? *3*

What causes the difference in the front and back hemlines of the flared skirt ? How can we balance such hemlines ?

**17.** नई सहस्राब्दी में भारतीय फैशन उद्योग की वृद्धि में सहायता करने वाले तीन मुख्य घटकों की संक्षिप्त चर्चा कीजिए । *3*

Briefly discuss the three key factors that are contributing to the growth of Indian Fashion Industry in the new millennium.

**18.** मुग़ल-संस्कृति के द्वारा भारतीय नारियों की वेशभूषा को प्रभावित करने वाले किन्हीं तीन तरीकों का वर्णन कीजिए । *3*

Describe any three ways in which the Moghul culture influenced Indian women's wear.

**19.** एक अच्छी फिटिंग वाली उरू-सन्धि (क्रॉच) की तीन विशेषताएँ लिखिए । 3

**अथवा**

एक अच्छे फिटिंग वाले मोढ़े की तीन विशेषताएँ लिखिए । 3

Give three characteristics of a well-fitted crotch.

**OR**

Give three characteristics of a well-fitted armscye.

**20.** (i) निम्नलिखित तन्तुओं के स्रोत बताइए :

(क) लिनेन (ख) ऊन (ग) रेयॉन (घ) सूत

(ii) सेल्यूलोसिक तन्तु का एक लाभ और एक हानि लिखिए । 3

(i) Name the sources of the following fibres :

(a) Linen (b) Wool (c) Rayon (d) Cotton

(ii) Give one advantage and one disadvantage of cellulosic fibre.

**21.** (क) आप कैसे सुनिश्चित करेंगे कि गहरा-गला-रेखा शरीर पर ठीक से बैठे ?

(ख) डार्ट जोड़-तोड़ (मेनीपुलेशन) का महत्त्व बताइए । 3

(a) How will you ensure that the deep neckline fits well ?

(b) Give importance of Dart-Manipulation.

**22.** 'टोगा' और 'हिमेशन' में अन्तर कीजिए । 3

Differentiate between 'Toga' and 'Himation'.

**23.** (क) लाइनिंग (अस्तर) के लिए किस तरह के कपड़े का चुनाव किया जाना चाहिए ?

(ख) परिधान के कुछ हिस्सों को दृढ़ बनाने के लिए किस कपड़े का इस्तेमाल किया जाता है और क्यों ?

(ग) ऐसे किन्हीं दो अस्तरों (लाइनिंग) में लगने वाले कपड़ों का नाम बताइए जिन्हें शादी के लहँगे को शानदार बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है । 3

(a) What kind of fabric should be chosen as a lining material ?

(b) Which fabric is used for stabilising the specific areas in the garment and why ?

(c) Give names of any two fabrics which provide a luxurious feel to the wedding gown.

**24.** निम्नलिखित में परिवर्तन कर, महिलाओं के परिधानों में कौन सी रूप-रेखाएँ बनाई जा सकती हैं :

(क) एक-खण्ड परिधान की कमर-रेखा (कोई तीन)

(ख) दो हिस्सों में सीधे विभाजित परिधान की लम्बाई और चौड़ाई (कोई तीन) *3*

What are the silhouettes that can be created in women's wear by altering

(a) Waistline of one-piece dress (any three)

(b) Length and width of straight bifurcated garment (any three)

**25.** तिरछी-बाइंडिंग, तिरछी-फेसिंग और आकृतिक-फेसिंग में अन्तर स्पष्ट कीजिए । *3*

Differentiate between bias-binding, bias-facing and shaped-facing.

## खण्ड द

## SECTION D

**26.** स्लैश और स्प्रेड विधि द्वारा, कमर-डार्ट को अग्रिम मध्य भाग में स्थानान्तरित करने की विधि के विभिन्न चरणों की साफ़ तथा नामांकित चित्रों द्वारा व्याख्या कीजिए । *5*

**अथवा**

आप मौलिक स्कर्ट के एक डार्ट वाले पैटर्न को ए-लाइन स्कर्ट में कैसे बदलेंगे ? साफ़ अंकित चित्रों द्वारा व्याख्या कीजिए । *5*

Explain the steps of shifting waist dart to centre front by slash and spread method, with neat labelled diagrams.

**OR**

Explain the steps of converting a one dart basic skirt pattern into A-line skirt, with neat labelled diagrams.

**27.** खाके को कपड़े पर बिछाने की प्रक्रिया का विवरण दीजिए । *5*

**अथवा**

एक-तरफा छापा, अनियमित प्लैड, तिरछे विकर्ण, असाधारण प्रिन्ट और किनारे प्रिन्ट वाले कपड़ों पर, खाका बिछाने के तरीके को विस्तार से समझाइए । *5*

Explain the procedure of laying out of pattern.

**OR**

Explain the procedure of lay-out with regard to directional fabrics, uneven-plaids, diagonals, unusual prints and border prints.

28. "हज़ारों वर्षों के इतिहास में, सभी वस्त्रों को पाँच आदि-रूपों में वर्गीकृत किया जा सकता है ।" इन्हीं पाँच आदि-रूपों का उदाहरणों सहित विवरण दीजिए । 5

**अथवा**

"वस्त्र इंसान की प्रतिष्ठा को प्रदर्शित करने वाला मुख्य दृश्य सूचक है ।" उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए । 5

"Over several thousand years of history, clothes can be classified under five archetypes." Explain these five archetypes with examples.

**OR**

"Clothes are the most visible index of the status of a person." Explain with examples.